# लोक सभा

---

समाचार—भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

---

सोमवार, 17 जुलाई, 2017/26 आषाढ़, 1939 (शक)

---

संख्या 227

पूर्वाह्न 11.00 बजे

**1. राष्ट्र गान**

राष्ट्र गान की धुन बजाई गई।

पूर्वाह्न 11.01 बजे

**2. सदस्यों द्वारा शपथ**

निम्नलिखित सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किए और सभा में अपना स्थान ग्रहण किया:—

| क्रम सं॰ | सदस्य का नाम | निर्वाचन क्षेत्र | राज्य | शपथ/ प्रतिज्ञान | भाषा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ॰ फारूख अब्दुल्ला | श्रीनगर | जम्मू और कश्मीर | शपथ | कश्मीरी |
| 2. | श्री पी॰के॰ कुन्हालिकुट्टी | मलप्पुरम | केरल | शपथ | अंग्रेजी |

पूर्वाह्न 11.05 बजे

**3. अध्यक्ष द्वारा घोषणा**

अध्यक्ष ने निम्नलिखित घोषणा की:—

''माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप सभी जानते हैं, संसद सदस्य, 23 जुलाई, 2017 को अपराह्न 5.30 बजे माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी को विदाई देंगे। इस अवसर पर सभी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक हस्ताक्षर-पुस्तिका सम्मान और आदर के प्रतीक के रूप में राष्ट्रपति जी को भेंट की जाएगी।

हस्ताक्षर-पुस्तिका माननीय सदस्यों के हस्ताक्षर के लिए केन्द्रीय कक्ष में रखी गई है। यह 17 से 20 जुलाई को 10बजे से अपराह्न 5 बजे तक प्रतिदिन संसद सदस्यों के हस्ताक्षरार्थ केन्द्रीय कक्ष में रखी रहेगी। माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे ये हस्ताक्षर-पुस्तिका पर हस्ताक्षर करते जाएं।''

पूर्वाह्न 11.06 बजे

**4. निधन संबंधी उल्लेख**

अध्यक्ष ने लोक सभा के वर्तमान सदस्य श्री विनोद खन्ना; केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु राज्य मंत्री और राज्य सभा के वर्तमान सदस्य श्री अनिल माधव दवे; नौवीं लोक सभा के सदस्य श्री सूबेदार प्रसाद सिंह, पांचवीं से आठवीं लोक सभा के सदस्य श्री अजीत कुमार साहा; तीसरी से पांचवीं लोक सभा के सदस्य श्री ईरा सेजियान और दसवीं लोक सभा के सदस्य श्री नारायण सिंह चौधरी के दु:खद निधन के संबंध में उल्लेख किया।

उन्होंने 10 जुलाई, 2017 को जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक बस पर हुए आतंकी हमले में 8 अमरनाथ तीर्थयात्रियों के मारे जाने तथा कई अन्यों के घायल होने के संबंध में भी उल्लेख किया।

दिवंगत आत्माओं के सम्मान में सदस्य कुछ देर के लिए मौन खड़े रहे और तत्पश्चात् सभा पूरे दिन के लिए स्थगित हुई।

**5. प्रश्न**

चूंकि सभा निधन संबंधी उल्लेख के पश्चात् स्थगित हो गई, इसलिए तारांकित प्रश्नों को मौखिक उत्तर के लिए नहीं लिया जा सका। आज की कार्य-सूची में सम्मिलित तारांकित प्रश्न सं॰ 1-20 को अतारांकित माना गया और उनके उत्तर अतारांकित प्रश्न सं॰ 1-230 के उत्तरों के साथ आज की कार्यवाही-वृत्तांत में मुद्रित किए जाएंगे।

पूर्वाह्न 11.14 बजे

( *लोक सभा मंगलवार,* 18 *जुलाई,* 2017 *के पूर्वाह्न* 11 *बजे तक के लिए स्थगित हुई।*)

**अनूप मिश्र**
महासचिव

GMGIPMRND—1108LS(S3)—17-07-2017.

# लोक सभा

---

समाचार—भाग 1

**(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)**

---

**मंगलवार, 18 जुलाई, 2017/27 आषाढ़, 1939 (शक)**

---

**संख्या 228**

पूर्वाह्न 11.00 बजे

**1. अध्यक्ष द्वारा उल्लेख**

अध्यक्ष ने निम्नलिखित उल्लेख किए:—

(एक) 24 अप्रैल, 2017 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 25 जवानों के शहीद हो जाने और 6 अन्य के घायल हो जाने की सूचना प्राप्त हुई है।

(दो) 22 मई, 2017 को यूनाइटेड किंगडम के मेनचेस्टर में एक आतंकवादी हमले में 22 व्यक्ति मारे गए और 59 अन्य घायल हुए। यूनाइटेड किंगडम के लंदन ब्रिज और बॉरो मार्केट में 3 जून, 2017 को हुए एक अन्य आतंकवादी हमले में 7 लोग मारे गए और 48 अन्य घायल हुए।

(तीन) 31 मई, 2017 को अफगानिस्तान के काबुल में डिप्लोमेटिक एनक्लेव के निकट हुए बम विस्फोट में 150 से अधिक लोग मारे गए तथा 21 अप्रैल, 2017 को मज़ार-ए-शरीफ में अफगान नेशनल डिफेंस फोर्सेज की 209 कॉर्प पर हुए एक हमले में 140 से अधिक अफगान सैनिक मारे गए।

(चार) 19 अप्रैल, 2017 को हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में एक बस के टोंस नदी में गिर जाने से 44 लोगों के मारे जाने और कई अन्य लोगों के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है।

(पांच) 23 मई, 2017 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में एक बस के खाई में गिर जाने से 23 व्यक्तियों के मारे जाने की सूचना मिली है।

(छह) 16 जुलाई, 2017 को जम्मू-कश्मीर के रामबान जिले में एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से 16 अमरनाथ तीर्थयात्रियों के मारे जाने और कई अन्य तीर्थयात्रियों के घायल होने की सूचना मिली है।

(सात) असम, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर और त्रिपुरा सहित सहित पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ भागों में भारी वर्षा के कारण आई भारी बाढ़ और भूस्खलन के कारण बड़े पैमाने पर संपत्ति को भारी नुकसान होने के साथ-साथ 80 से ज्यादा लोगों के मारे जाने और कई अन्य लोगों के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है।

(आठ) श्रीलंका में 25 और 26 मई, 2017 को दक्षिण-पश्चिम मानसून से हुई लगातार वर्षा के कारण बाढ़ और भूस्खलन से 200 से अधिक लोग मारे गए तथा संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा जिसके कारण लाखों लोग प्रभावित हुए।

(नौ) बांग्लादेश में 12 और 13 जून, 2017 को हुए अनेक भूस्खलनों में 150 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई।

(दस) 7 जून, 2017 को हुई एक दु:खद हवाई दुर्घटना में म्यांमार सशस्त्र बलों के 122 कार्मिक तथा उनके परिवार के सदस्य मारे गए। पुर्तगाल के पेडरोगाओ ग्रांडे और गोईस की नगरपालिकाओं में भयंकर आग लग गई जिसमें 64 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए।

दिवंगत आत्माओं के सम्मान में सदस्य थोड़ी देर के लिए मौन खड़े रहे।

पूर्वाह्न 11.05 बजे

**2. तारांकित प्रश्न**

सदस्य, जिनके नाम के समक्ष तारांकित प्रश्न संख्या 21 सूचीबद्ध था, अनुपस्थित थे। तथापि, संबंधित मंत्री ने उत्तर सभा पटल पर रखा।

*( सभा में व्यवधान के कारण लोक सभा पूर्वाह्न 11.06 बजे स्थगित हुई और मध्याह्न 12 बजे पुन: समवेत हुई)*

मध्याह्न 12.00 बजे

तारांकित प्रश्न संख्या 22—40 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

**3. अतारांकित प्रश्न**

अतारांकित प्रश्न संख्या 231—460 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

**4. अध्यक्ष द्वारा बधाई**

5 जून, 2017 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने जीसैट-19 उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने के लिए देश का अब तक का सबसे भारी राकेट जीएसएलवी-एमके 3 (डी) सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किये जाने पर सभा की ओर से अध्यक्ष महोदया ने वैज्ञानिकों को बधाई दी।

उन्होंने भुवनेश्वर, ओडिशा में 6 से 9 जुलाई, 2017 तक आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2017 में 12 स्वर्ण, 5 रजत और 12 कांस्य पदकों सहित कुल 29 पदक जीतकर पदक तालिका में सर्वोच्च स्थान हासिल करने पर भारतीय दल को भी बधाई दी।

अपराह्न 12.02 बजे

**5. सभा पटल पर रखे गए पत्र**

निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे गए:—

(1) संविधान के अनुच्छेद 123(2)(क) के अंतर्गत निम्नलिखित अध्यादेशों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) राष्ट्रपति द्वारा 4 मई, 2017 को प्रख्यापित बैंककारी विनियमन (संशोधन) अध्यादेश, 2017 (2017 का संख्यांक 1)।

(दो) राष्ट्रपति द्वारा 1 जुलाई, 2017 को प्रख्यापित पंजाब नगर निगम विधि (चंडीगढ़ पर विस्तार) संशोधन अध्यादेश, 2017 (2017 का संख्यांक 2)।

(तीन) राष्ट्रपति द्वारा 8 जुलाई, 2017 को प्रख्यापित केंद्रीय माल और सेवा कर (जम्मू और कश्मीर पर विस्तार) अध्यादेश, 2017 (2017 का संख्यांक 3)।

(चार) राष्ट्रपति द्वारा 8 जुलाई, 2017 को प्रख्यापित एकीकृत माल और सेवा कर (जम्मू और कश्मीर पर विस्तार) अध्यादेश, 2017 (2017 का संख्यांक 4)।

(2) आसूचना संगठन (अधिकार निर्बन्धन) अधिनियम, 1985 की धारा 6 की उपधारा (2) के अंतर्गत अधिसूचना सं॰ का॰आ॰ 1548(अ) जो 15 मई, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा उक्त अधिनियम की अनुसूची में कतिपय संशोधन किए गए हैं, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 20 की उपधारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) वर्ष 2013-2014 के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत, नई दिल्ली का वार्षिक प्रतिवेदन।

(दो) वर्ष 2013-2014 के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत, नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर की गई कार्रवाई संबंधी ज्ञापन।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) संघ सरकार के विभिन्न शासकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रसार और विकास तथा इसके प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए तथा वर्ष 2015-2016 के लिए इसके कार्यान्वयन हेतु कार्यक्रम के बारे में 47वां वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 1961 की धारा 27 की उपधारा (1) के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस), धनबाद के पहले परिनियम, 2017 जो 23 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 632(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(7) भाण्डागारण (विकास और विनियमन) अधिनियम, 2007 की धारा 52 के अंतर्गत भाण्डागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण (इलेक्ट्रानिकी परक्राम्य भाण्डागारण पावतियां) विनियम, 2017 जो 29 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 726(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(8) माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) की धारा 8 की उप-धारा (2) के अंतर्गत अधिसूचना सं॰ 3/2017-प्रतिकर उपकर (दर) जो 18 जुलाई, 2017 के भारत के

राजपत्र में प्रकाशित हुई थी, जिसका आशय 28 जून, 2017 की अधिसूचना सं॰ 1/2017 प्रतिकर उपकर (दर) का संशोधन करना है ताकि 18.7.2017 से अधिसूचना में यथा उल्लिखित सिगरेट पर प्रतिकर उपकर दर बढ़ाई जा सके, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण), तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

**6. विधेयकों पर अनुमति**

(एक) महासचिव ने 17 मार्च, 2017 को सभा को दी गई पिछली सूचना के पश्चात् 16वीं लोक सभा के 11वें सत्र के दौरान संसद की दोनों सभाओं द्वारा पारित तथा राष्ट्रपति से अनुमति प्राप्त निम्नलिखित 12 विधेयक सभा पटल पर रखे:—

(1) विनियोग विधेयक, 2017;

(2) विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2017;

(3) वित्त विधेयक, 2017;

(4) विनियोग (रेल) विधेयक, 2017;

(5) विनियोग (रेल) संख्यांक 2 विधेयक, 2017;

(6) कर्मचारी प्रतिकर (संशोधन) विधेयक, 2017;

(7) केन्द्रीय माल और सेवा कर विधेयक, 2017;

(8) एकीकृत माल और सेवा कर विधेयक, 2017;

(9) संघ राज्य क्षेत्र माल और सेवा कर विधेयक, 2017;

(10) माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) विधेयक, 2017;

(11) मानव रोगक्षम अल्पता विषाणु और अर्जित रोगक्षम अल्पता संलक्षण (निवारण और नियंत्रण) विधेयक, 2017; और

(12) कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 2017;

(दो) महासचिव ने संसद की दोनों सभाओं द्वारा पारित और राष्ट्रपति से अनुमति प्राप्त निम्नलिखित चार विधेयकों की राज्य सभा के महासचिव द्वारा विधिवत् रूप से अधिप्रमाणित प्रतियां भी सभा पटल पर रखीं:—

(1) मजदूरी का संदाय (संशोधन) विधेयक, 2017;

(2) प्रसव प्रसुविधा (संशोधन) विधेयक, 2017;

(3) मानसिक स्वास्थ्य देख-रेख विधेयक, 2017; और

(4) संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2017 ।

**7. लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन**

श्री भर्तृहरि महताब ने लोक लेखा समिति (2017-18) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:—

*(1) 'सीमा शुल्क पत्तनों के जरिए आयात और निर्यात व्यापार सरलीकरण का निष्पादन' विषय पर 75वां प्रतिवेदन।

*(2) 'इंदिरा आवास योजना' के बारे में समिति के 43वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 76वां प्रतिवेदन।

*(3) 'केन्द्रीय उत्पाद और सेवा कर में अभियोजन और शास्तियों का लगाया जाना' के बारे में समिति के 63वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 77वां प्रतिवेदन।

*(4) 'दबाव वाली आस्तियों के स्थिरीकरण संबंधी निधि (एसएएसएफ)' विषय पर 78वां प्रतिवेदन।

(5) 'आदर्श को-आपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी, मुंबई' के बारे में समिति के 91वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 79वां प्रतिवेदन।

**8. गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन**

श्री मोहम्मह फैजल पी॰पी॰ ने संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप के प्रशासन और विकास के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति का 204वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

---

*ये प्रतिवेदन, निदेश 71क के अंतर्गत 29 अप्रैल, 2017 और 6 जून, 2017 को, जब सभा सत्र में नहीं थी, माननीय अध्यक्ष को प्रस्तुत किए गए थे और अध्यक्ष ने लोक सभा के प्रक्रिया तथाकार्य संचालन नियम के नियम 280 के अंतर्गत प्रतिवेदनों के मुद्रण, प्रकाशन और परिचालन का आदेश दिया। इस मामले को 1 मई, 2017 और 12 जून, 2017 के लोक सभा समाचार भाग 2 में विधिवत अधिसूचित किया गया।

**9. परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्री के॰सी॰ वेणुगोपाल ने परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखे:—

(1) 'वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक, 2016' के बारे में 249वां प्रतिवेदन।

(2) 'महापत्तन प्राधिकरण विधेयक, 2016' के बारे में 250वां प्रतिवेदन।

अपराह्न 12.06 बजे

**10. सरकारी विधेयक—पुर:स्थापित**

*(एक) स्थावर संपत्ति अधिग्रहण और अर्जन (संशोधन) विधेयक, 2017*

*(दो) प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (संशोधन) विधेयक, 2017*

*(तीन) भारतीय पेट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान विधेयक, 2017*

अपराह्न 12.07 बजे

**11. नियम 377 के अधीन मामले**

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे:—

(1) श्रीमती जयश्रीबेन पटेल द्वारा गुजरात में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन इकाई की स्थापना के बारे में।

(2) श्री ओम प्रकाश यादव द्वारा बिहार में सीवान रेलवे स्टेशन के निकट चाप ढाला रेल समपार पर एलिवेटेड रोड का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(3) श्री ए॰टी॰ नाना पाटील द्वारा महाराष्ट्र के चालीसगांव में नेशनल टेक्सटाइल कॉरपोरेशन लिमिटेड इकाई को पुन: आरम्भ किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(4) श्री रामदास सी॰ तडस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित पाण्डुरणा–वरुड–हाथुरना सड़क की मरम्मत किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(5) श्री लल्लू सिंह द्वारा कृषि उत्पादकता में वृद्धि किए जाने हेतु उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(6) श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण द्वारा महाराष्ट्र के डिंडोरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में शीतागार स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(7) श्री अभिषेक सिंह द्वारा संविधान की आठवीं अनुसूची में छत्तीसगढ़ी भाषा को शामिल किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(8) श्री रवीन्द्र कुमार राय द्वारा दामोदर घाटी निगम का मुख्यालय कोलकाता से झारखंड स्थानान्तरित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(9) श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा धनबाद-चन्द्रपुरा रेल लाइन बंद किए जाने की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(10) डॉ॰ रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा हिमालयी राज्यों में जैविक खेती, फलों, सब्जियों और औषधीय पौधों की खेती पर आधारित उद्यमिता, प्रशिक्षण और विकास तथा रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(11) श्री राहुल कास्वां द्वारा राजस्थान के चुरू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के किसानों को राजसहायता (सब्सिडी) प्राप्त दरों पर कीटनाशक उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(12) श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा दक्षिण रेलवे के त्रिवेन्द्रम मंडल के अंतर्गत सास्थामोट्टा रेलवे स्टेशन को विकसित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(13) श्री राजीव सातव द्वारा किसानों की ऋण माफी के लिए महाराष्ट्र को केन्द्रीय सहायता प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(14) श्री एम॰के॰ राघवन द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी में संशोधन किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(15) श्री के॰ अशोक कुमार द्वारा किसानों को उर्वरक सब्सिडी सीधे संवितरित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(16) श्री वी॰ एलुमलाई द्वारा जीएसटी के अंतर्गत विवरणियां दाखिल किए जाने को सरल बनाए जाने तथा छूट की सीमा बढ़ाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(17) डॉ॰ कुलमणि सामल द्वारा ओडिशा में महानदी के जल के बहाव को विनियमित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(18) श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा एटीएम से धनराशि निकालने पर लगाए गए शुल्क को हटाने और बैंक खातों में न्यूनतम राशि रखे जाने की आवश्यकता के प्रावधान को हटाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(19) श्री जैदेव गल्ला द्वारा आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की धारा 108 में संशोधन किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(20) श्री बी॰ विनोद कुमार द्वारा तेलंगाना में हुजुराबाद के रास्ते काजिपेट और करीमनगर तक नई रेल लाइन बिछाए जाने हेतु रेल सर्वेक्षण कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(21) श्री वाई॰वी॰ सुब्बा रेड्डी द्वारा शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के उपयोग हेतु सहायक उपकरणों तथा साधनों पर जीएसटी के तहत लगाए गए कर में कमी किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(22) श्रीमती पी॰के॰ श्रीमथि टीचर द्वारा केरल में रबड़ बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों को बंद किए जाने के प्रस्ताव की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(23) श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा पंजाब के नंगल में राष्ट्रीय उर्वरक संयंत्र की क्षमता में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(24) श्री विजय कुमार हांसदाक द्वारा संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(25) श्री राजेश रंजन (पप्पू यादव) द्वारा डॉ॰ भीमराव अम्बेडकर और सुभाषचन्द्र बोस को 'राष्ट्रपिता' की उपाधि प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(26) श्री राजू शेट्टी द्वारा महाराष्ट्र के सांगली जिले में नागपंचमी उत्सव मनाए जाने की अनुमति प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

अपराह्न 12.08 बजे

*(व्यवधान के कारण लोक सभा बुधवार, 19 जुलाई, 2017 के पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)*

**अनूप मिश्र**
महासचिव

GMGIPMRND—1154LS(S3)—18-07-2017.

# लोक सभा

---

समाचार—भाग 1

**(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)**

---

**बुधवार, 19 जुलाई, 2017/28 आषाढ़, 1939 (शक)**

---

**संख्या 229**

पूर्वाह्न 11.00 बजे

**1. अध्यक्ष द्वारा उल्लेख**

अध्यक्ष ने निम्नलिखित उल्लेख किया:—

''माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को यह सूचित करना है कि रूसी संघ की संसद के निमंत्रण पर मैंने 10 से 14 जुलाई, 2017 तक रूसी संघ के दौरे पर गए भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व किया।

दौरे के समय शिष्टमंडल ने रशियन फेडरेशन नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चाएं कीं। इसी दौरान इंडियन-रशियन फेडरेशन इंटरपार्लियामेन्टरी कमीशन के साथ भी एक बैठक हुई।

समय की कसौटी पर खरी उतरी हमारी मित्रता के प्रति अथाह सम्मान स्वरूप रशियन फेडरेशन पार्लियामेन्ट ने मुझे 12 जुलाई, 2017 को अपनी स्टेट डयूमा को संबोधित करने का विशिष्ट सम्मान प्रदान किया।

मुझे आशा है कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना के इस 70वें वर्ष के दौरान भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के रशियन फेडरेशन के इस दौरे से दो महान देशों के बीच पराम्परागत मैत्री संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी।''

पूर्वाह्न 11.02 बजे

**2. तारांकित प्रश्न**

तारांकित प्रश्न संख्या 41 का मौखिक उत्तर दिया गया।

*( सभा में व्यवधान के कारण लोक सभा पूर्वाह्न* 11.07 *बजे स्थगित हुई और मध्याह्न* 12.00 *बजे पुनः समवेत हुई।)*

तारांकित प्रश्न संख्या 42—60 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

**3. अतारांकित प्रश्न**

अतारांकित प्रश्न संख्या 461—690 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

मध्याह्न 12.00 बजे

**4. सभा पटल पर रखे गए पत्र**

निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे गए:—

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उपधारा (एक) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई के वर्ष 2015-2016 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई के वर्ष 2015-2016 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारणों को दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 37 के अंतर्गत अधिसूचना सं॰ 305-27/2010-क्यूओएस जो 30 मार्च, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसमें 22 नवंबर, 2016 की अधिसूचना सं॰ 305-27/2010-क्यूओएस का शुद्धिपत्र दिया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल में रखने में हुए विलम्ब के कारणों को दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) भारतीय तार अधिनियम, 1885 की धारा 7 की उपधारा 5 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) भारतीय तार (संशोधन) नियम, 2017 जो 28 मार्च, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 297(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) भारतीय तार (संशोधन) नियम, 2017 जो 31 मार्च, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 314(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) भारतीय तार (तीसरा संशोधन) नियम, 2017 जो 25 अप्रैल, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 406(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(चार) भारतीय तार (चौथा संशोधन) नियम, 2017 जो 4 मई, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 439(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) भारतीय तार (पांचवां संशोधन) नियम, 2017 जो 18 मई, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 482(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(छह) भारतीय तार (छठा संशोधन) नियम, 2017 जो 24 मई, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 507(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(सात) भारतीय तार (सातवां संशोधन) नियम, 2017 जो 1 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 540(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(6) इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन ऑफ ओवरसीज इंडियंस, नई दिल्ली के वर्ष 2016-2017 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(7) इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन ऑफ ओवरसीज इंडियंस, नई दिल्ली के वर्ष 2016-2017 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(8) विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 30 की उपधारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (संशोधन) नियम, 2015 जो 5 फरवरी, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 75(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (दूसरा संशोधन) नियम, 2015 जो 10 अगस्त, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ का॰आ॰ 2164(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (संशोधन) नियम, 2017 जो 20 मार्च, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 263(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(9) उपर्युक्त (8) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारणों को दर्शाने वाले तीन विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(10) माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 11(क) की उपधारा (2) के अंतर्गत उक्त अधिनियम की चौथी अनुसूची में कतिपय संशोधन करने वाली प्रारूप अधिसूचना सं॰ एफ॰ सं॰ 10(1)/2017-लेग-तीन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

**5. कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन**

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया ने कार्य मंत्रणा समिति का 44वां प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

**6. गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का प्रतिवेदन**

डॉ॰ एम॰ तंबिदुरै ने गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का 34वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

**7. रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्री आनंदराव अडसुल ने रसायन और उर्वरक मंत्रालय (रसायन और पेट्रो रसायन विभाग) के 'रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र में सरकारी क्षेत्र के रुग्ण उपक्रमों का पुनरुत्थान' विषय पर 35वां प्रतिवेदन* (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

**8. रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति के की-गई-कार्यवाही संबंधी विवरण**

श्री आनंदराव अडसुल ने रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित की-गई-कार्रवाई संबंधी विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखे:—

(1) 'पेट्रोलियम रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) (रसायन और पेट्रोरसायन विभाग)' विषय पर रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति

---

* रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति (2016-17) के 35वें प्रतिवेदन को माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निदेश के निदेश 71क के अंतर्गत 19.05.2017 को माननीय अध्यक्ष, लोक सभा को प्रस्तुत किया गया। माननीय अध्यक्ष ने 19.05.2017 को 'लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम' के नियम 280 के अंतर्गत सभा में प्रतिवेदन के प्रस्तुत किए जाने/रखे जाने के पूर्व उसके मुद्रण, प्रकाशन और परिचालन की अनुमति दी।

(2015-2016) के सत्रहवें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर समिति (2015-2016) के 25वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई-अंतिम कार्रवाई-संबंधी उत्तर।

(2) रसायन और उर्वरक मंत्रालय (उर्वरक विभाग) की 'अनुदानों की मांगें 2016-17 के बारे में रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति (2015-2016) के 21वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर समिति (2015-2016) के 26वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई-अंतिम कार्रवाई-संबंधी उत्तर।

(3) रसायन और उर्वरक मंत्रालय (रसायन और पेट्रोरसायन विभाग) की 'अनुदानों की मांगों' (2016-17) के बारे में रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति (2015-2016) के 22वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर समिति (2016-17) के 27वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई-अंतिम कार्रवाई-संबंधी उत्तर।

(4) रसायन और उर्वरक मंत्रालय (रसायन और पेट्रोरसायन विभाग) की 'स्वायत्तशासी संस्थाओं सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग टेक्नोलाजी (सीआईपीईटी) और इंस्टीट्यूट ऑफ पेस्टीसाइड्स फार्मुलेशन एंड टेक्नोलाजी (आईपीएफटी) के कार्यकरण विषय पर 20वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति के 28वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई-अंतिम कार्रवाई-संबंधी उत्तर।

**9. ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्री गोकाराजू गंगा राजू ने ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:—

(1) ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) के 'राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान' के बारे में 25वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 37वां प्रतिवेदन।

(2) ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) के 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)' के बारे में 36वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 38वां प्रतिवेदन।

(3) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास संघटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई), तत्कालीन आईडब्ल्यूएमपी, भू-संसाधन विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) के बारे में 39वां प्रतिवेदन।

**10. ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के विवरण**

श्री गोकाराजू गंगा राजू ने ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखे:—

1. पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के संबंध में 'अनुदानों की मांगों (2014-15) के बारे में चौथे प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की सिफारिशों पर की-गई-कार्रवाई-संबंधी 13वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) के अध्याय-1 में अंतर्विष्ट सिफारिशों तथा अध्याय-पांच में शामिल अंतिम उत्तरों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई।

2. ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) के संबंध में 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (एमजीएनआरईजीए)' विषय पर 42वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की सिफारिशों पर की-गई-कार्रवाई-संबंधी 14वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) के अध्याय-1 में अंतर्विष्ट सिफारिशों तथा अध्याय-पांच में शामिल अंतिम उत्तरों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई।

3. ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) के संबंध में 'अनुदानों की मांगों (2015-16)' के बारे में छठे प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की सिफारिशों पर की-गई-कार्रवाई-संबंधी 18वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) के अध्याय-1 में अंतर्विष्ट सिफारिशों तथा अध्याय-पांच में शामिल अंतिम उत्तरों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई।

4. ग्रामीण विकास मंत्रालय (भू-संसाधन विभाग) के संबंध में 'अनुदानों की मांगों (2016-17)' के बारे में 22वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की सिफारिशों पर की-गई-कार्रवाई-संबंधी 29वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) के अध्याय-1 में अंतर्विष्ट सिफारिशों तथा अध्याय-पांच में शामिल अंतिम उत्तरों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई।

5. पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के संबंध में 'अनुदानों की मांगों (2016-17)' के बारे में 23वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की सिफारिशों पर की-गई-कार्रवाई-संबंधी 30वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) के अध्याय-1 में अंतर्विष्ट सिफारिशों तथा अध्याय-पांच में शामिल अंतिम उत्तरों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई।

6. पंचायती राज मंत्रालय के संबंध में 'अनुदानों की मांगों (2016-17)' के बारे में 24वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की सिफारिशों पर की-गई-कार्रवाई-संबंधी 31वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) के अध्याय-1 में अंतर्विष्ट सिफारिशों तथा अध्याय-पांच में शामिल अंतिम उत्तरों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई।

अपराह्न 12.02 बजे

**11. मंत्री द्वारा वक्तव्य**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति (2016-17) के 34वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में विवरण सभा पटल पर रखा।

#अपराह्न 12.03 बजे

**12. सदस्यों द्वारा निवेदन**

(एक) श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने देशभर के कृषकों में बड़े पैमाने पर व्याप्त निराशा, जिसके परिणामस्वरूप कृषकों द्वारा आत्महत्या की जा रही है और सरकार इस मुद्दे का समाधान करने में असफल रही है, के संबंध में निवेदन किया।

$श्री अनंत कुमार ने उत्तर दिया।

अपराह्न 12.30 बजे

(दो) श्री पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश के महाराजगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में गणेश शुगर मिल्स, आनंद नगर की रिक्त भूमि पर टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की आवश्यकता के संबंध में निवेदन किया।

सर्वश्री भैरों प्रसाद मिश्र, शरद त्रिपाठी और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल सहयोजित हुए।

---

#अपराह्न 12.03 बजे से अपराह्न 1.01 बजे तक सदस्यों ने अविलम्बनीय लोक महत्व के मामले उठाए।
$रसायन और उर्वरक मंत्री; और संसदीय कार्य मंत्री।

%श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने उत्तर दिया।

अपराह्न 12.36 बजे

(तीन) श्री के॰सी॰ वेणुगोपाल ने प्राईवेट अस्पतालों में नर्सों द्वारा झेली जा रही समस्याओं का समाधान कराने की आवश्यकता के संबंध में निवेदन किया।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र सहयोजित हुए।

&श्री जे॰पी॰ नड्डा ने उत्तर दिया।

अपराह्न 12.49 बजे

(चार) श्री भर्तृहरि महताब ने देश में दो विभिन्न टाईम जोन की व्यवहार्यता अध्ययन के परिणाम के संबंध में निवेदन किया।

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री शरद त्रिपाठी सहयोजित हुए।

श्री अनंत कुमार ने उत्तर दिया।

*(लोक सभा अपराह्न* 1.01 *बजे स्थगित हुई और अपराह्न* 2.01 *बजे पुनः समवेत हुई।)*

अपराह्न 2.01 बजे

**13. नियम 377 के अधीन मामले**

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे:—

1. कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल द्वारा देश में पुलिस बल का आधुनिकीकरण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।
2. श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा राजस्थान के उदयपुर जिले में स्थित खैरवाड़ा तहसील मुख्यालय में एक केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की आवश्यकता के बारे में।
3. श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया द्वारा सिन्थेटिक कपड़े पर लगाई गई जीएसटी दर की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

---

%वस्त्र मंत्री; और सूचना और प्रसारण मंत्री।

&स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री।

4. श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा बिहार के औरंगाबाद जिले में एक ट्रॉमा सेंटर/सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोले जाने की आवश्यकता के बारे में।

5. श्री रावसाहेब पाटील दानवे द्वारा महाराष्ट्र के जालना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की आवश्यकता के बारे में।

6. डॉ॰ किरीट सोमैया द्वारा मुम्बई रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल की दो खंडपीठ स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

7. श्री श्यामाचरण गुप्त द्वारा उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद स्थिति केन्द्रीय आयुध निर्माणी डिपो, छिवकी को बंद करने की योजना को वापस लिए जाने की आवश्यकता के बारे में।

8. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा द्वारा गुजरात के भरूच संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सिंचाई परियोजनाओं के कारण विस्थापित हुए लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

9. श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा और चित्रकुट जिलों में रेलवे पुलों के नीचे होने वाले जल-भराव को रोके जाने की आवश्यकता के बारे में।

10. श्री छेदी पासवान द्वारा बिहार के कैमूर जिले में सुअरा नदी पर बांध बनाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

11. श्री ओम बिरला द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

12. श्री लक्ष्मण गिलुवा द्वारा झारखंड के सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल मुहैया कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

13. श्री देवजी एम॰ पटेल द्वारा समदडी-भीलडी रेल मार्ग पर पर्याप्त रेल सेवाएं प्रदान किए जाने तथा बीकानेर-दादर सुपरफास्ट ट्रेन सं॰ 12489/12490 के फेरे बढ़ाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

14. श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा झारखंड के चतरा, लातेहार एवं पलामू जिलों में भारत नेट परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़े जाने की आवश्यकता के बारे में।

15. श्री रोड़मल नागर द्वारा मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों को जोड़ते हुए राजगढ़-नरसिंहगढ़ पर्यटन सर्किट विकसित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

16. श्री विंसेट एच॰ पाला द्वारा पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण (पशुधन बाजार विनियमन) नियम, 2017 की समीक्षा और उसमें संशोधन किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

17. श्री एस॰पी॰ मुद्दाहनुमे गौड़ा द्वारा कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 206 को चार लेन में परिवर्तित किए जाने के कार्य में तेजी लाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

18. श्री जी॰ हरि द्वारा पलार और कोसस्थालैयर नदियों पर चेक डैम का निर्माण कार्य बन्द करने हेतु आंध्र प्रदेश सरकार को राजी किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

19. श्रीमती वी॰ सत्यबामा द्वारा तमिलनाडु के इरोड जिला स्थित पेरुन्दुरई में एक एम्स स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

20. श्रीमती प्रतिमा मण्डल द्वारा पंचायत समिति और ग्राम पंचायत कार्यालयों को प्रौद्योगिकीय सहायता और ब्रॉडबैंड सुविधा प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

21. श्री गजानन कीर्तिकर द्वारा भारत में अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्या लोगों की पहचान कर उन्हें वापस उनके देश भेजे जाने की आवश्यकता के बारे में।

22. श्री केसिनेनी श्रीनिवास द्वारा आंध्र प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री नन्दमुरी तारक रामाराव को भारत रत्न प्रदान किए जाने के बारे में।

23. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी द्वारा तेलंगाना के प्रत्येक जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

24. एडवोकेट जोएस जॉर्ज द्वारा केरल में मानव-वन्यजीव के बीच संघर्ष को रोके जाने के लिए कदम उठाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

अपराह्न 2.02 बजे

**14. सरकारी विधेयक—पारित**

*भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) विधेयक, 2017*

लिया गया समय: 2 घंटा 38 मिनट

श्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा विधेयक को पारित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

निम्नलिखित सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया:—

1. श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा

2. डॉ॰ रमेश पोखरियाल 'निशंक'
3. श्री के॰एन॰ रामचन्द्रन
4. श्रीमती प्रतिमा मण्डल
5. डॉ॰ कुलमणि सामल
6. श्री अरविन्द सावंत
7. श्री विनोद कुमार बोइनापल्ली
8. श्री पी॰के॰ बिजू
9. डॉ॰ रविन्द्र बाबू पांडुला
10. श्री एन॰के॰ प्रेमचन्द्रन
11. श्रीमती रेणुका बुत्ता
12. श्री सुरेश सी॰ अंगड़ी
13. श्री जय प्रकाश नारायण यादव
14. श्री धनंजय महाडीक
15. श्री दुष्यंत चौटाला
16. श्री कौशलेन्द्र कुमार
17. श्री प्रेम दास राई
18. श्री जोस के॰ मणि
19. श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत
20. श्री अधीर रंजन चौधरी
21. प्रो॰ चिंतामणि मालवीय
22. श्री भगवंत मान
23. श्री राजेश रंजन *उर्फ़* पप्पू यादव
24. श्री शेर सिंह गुबाया
25. श्री कुण्डा विश्वेश्वर रेड्डी

श्री प्रकाश जावड़ेकर ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

विधेयक पर विचार किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पर खण्ड-वार विचार आरंभ हुआ।

खण्ड 2 से 48 स्वीकृत हुए।

अनुसूची स्वीकृत हुई।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा विधेयक को पारित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित किया गया।

अपराह्न 4.39 बजे

**15.नियम 193 के अधीन चर्चा**

लिया गया समय: 5 घंटे 40 मिनट

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया ने देश में कृषि क्षेत्र की स्थिति के बारे में एक चर्चा उठायी।

निम्नलिखित सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया:—

1. श्री वीरेन्द्र सिंह
2. श्री कल्याण बनर्जी
3. श्री भर्तृहरि महताब
4. श्री नरेन्द्र सिंह तोमर
5. श्रीमती वी॰ सत्यबामा
6. श्री प्रतापराव जाधव
7. श्री थोटा नरसिम्हम
8. श्री ए॰पी॰ जितेन्द्र रेड्डी
9. श्री जितेन्द्र चौधरी
10. श्री मेकापति राज मोहन रेड्डी
11. श्री तारिक अनवर

12. श्री अशोक शंकरराव चव्हाण
13. श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया
14. श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा
15. श्री जय प्रकाश नारायण यादव
16. श्री भगवंत मान
17. डॉ॰ अरुण कुमार
18. श्री बद्रुद्दीन अजमल
19. श्री ई॰टी॰ मोहम्मद बशीर
20. श्री दुष्यंत चौटाला
21. श्री सुरेश सी॰ अंगड़ी
22. श्री सी॰ एन॰ जयदेवन
23. श्री (एडवोकेट) जोएस जॉर्ज
24. श्री राजेश रंजन *उर्फ* पप्पू यादव
25. श्री सुधीर गुप्ता
26. श्री राम कुमार शर्मा
27. श्री दीपेन्द्र हुड्डा

श्री राधा मोहन सिंह ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

चर्चा समाप्त हुई।

रात्रि 10.19 बजे

*(लोक सभा गुरुवार,* 20 *जुलाई,* 2017 *के पूर्वाह्न* 11 *बजे तक के लिए स्थगित हुई।)*

**अनूप मिश्र**
महासचिव

GMGIPMRND—1235LS(S3)—19-07-2017.

# लोक सभा

---

समाचार—भाग 1

**(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)**

---

**गुरुवार, 20 जुलाई, 2017/29 आषाढ़, 1939 (शक)**

---

**संख्या 230**

पूर्वाह्न 11.00 बजे

**1. तारांकित प्रश्न**

तारांकित प्रश्न संख्या 61 का मौखिक उत्तर दिया गया।

*(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न* 11.12 *बजे स्थगित हुई और पूर्वाह्न* 11.30 *बजे पुनः समवेत हुई)*

तारांकित प्रश्न संख्या 62 का मौखिक उत्तर दिया गया।

*(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न* 11.43 *बजे स्थगित हुई और मध्याह्न* 12.00 *बजे पुनः समवेत हुई)*

तारांकित प्रश्न संख्या 63—80 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

**2. अतारांकित प्रश्न**

अतारांकित प्रश्न संख्या 691—920 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

मध्याह्न 12.00 बजे

**3. सभा पटल पर रखे गए पत्र**

निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे गए:—

(1) दामोदर घाटी निगम, कोलकाता के वर्ष 2017-18 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 28 की उपधारा (1) के अंतर्गत अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 411(अ) जो 27 अप्रैल, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा उड़ीसा राज्य के कोरापुट जिले के पोट्टंगी तालुक में बाक्साइट निक्षेपों के संबंध में खोज या खनन संक्रियाओं के लिए केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व तथा नियंत्रण के अधीन सरकारी क्षेत्र के उपक्रम मैसर्स नाल्को के माध्यम से 1738.04 हेक्टेयर क्षेत्र को 27.4.2017 से 5 वर्ष की और अवधि के लिए आरक्षित किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 179 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता) (पांचवां संशोधन) विनियम, 2017 जो 19 अप्रैल, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एल-1/18/2010-सीईआरसी में प्रकाशित हुए थे।

(दो) अधिसूचना संख्या एल-1/18/2010-सीईआरसी जो 16 मई, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा सभी संबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया गया है कि केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता) (चौथा संशोधन) विनियम, 2016 के विनियम 6.3ख तथा रिजर्व शटडाउन संबंधी विस्तृत प्रचालनात्मक प्रक्रिया तथा प्रतिकर हेतु तंत्र 15.5.2017 से प्रवृत्त होंगे।

(तीन) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) विनियम, 2017 जो 19 अप्रैल, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ 1/21/2017-रेग॰एफ॰/आरई-टैरिफ-2017-20)/सीईआरसी में प्रकाशित हुए थे।

(चार) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (शुल्क का संदाय) (पहला संशोधन) विनियम, 2017 जो 22 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ एल-1/01/2017-सीईआरसी में प्रकाशित हुए थे।

(4) महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 124 की उपधारा (4) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):—

(एक) सा॰का॰नि॰ 544(अ) जो 2 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा मारमुगाओ पत्तन कर्मचारी (सेवानिवृत्ति के पश्चात् अंशदायी चिकित्सा लाभ) संशोधन विनियम, 2017 का अनुमोदन किया गया है।

(दो) सा॰का॰नि॰ 545(अ) जो 2 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा कांडला पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता और पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2017 का अनुमोदन किया गया है।

(तीन) सा॰का॰नि॰ 506(अ) जो 24 मई, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा कोलकाता पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता और पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2017 का अनुमोदन किया गया है।

(चार) सा॰का॰नि॰ 568(अ) जो 9 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा मारमुगाओ पत्तन कर्मचारी (पेंशन और उपदान) संशोधन विनियम, 2017 का अनुमोदन किया गया है।

(पांच) सा॰का॰नि॰ 304(अ) जो 30 मार्च, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा न्यू मंगलौर पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता और पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2017 का अनुमोदन किया गया है।

(छह) सा॰का॰नि॰ 305(अ) जो 30 मार्च, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा चेन्नई पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता और पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2017 का अनुमोदन किया गया है।

(सात) सा॰का॰नि॰ 306(अ) जो 30 मार्च, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा कोचीन पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता और पदोन्नति) संशोधन विनियम, 2017 का अनुमोदन किया गया है।

(5) नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन लिमिटेड और वस्त्र मंत्रालय के बीच वर्ष 2017-18 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

**4. मानव संसाधन विकास संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्रीमती संतोष अहलावत ने मानव संसाधन विकास संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्कारण) सभा पटल पर रखे:—

(1) 'राष्ट्रीय खेल विकास निधि का निष्पादन तथा खिलाड़ियों की भर्ती और पदोन्नति (भाग-एक)' के बारे में 270वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 291वां प्रतिवेदन।

(2) 'राष्ट्रीय खेल विकास निधि का निष्पादन तथा खिलाड़ियों की भर्ती और पदोन्नति (भाग-दो)' के बारे में 271वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 292वां प्रतिवेदन।

(3) 'राष्ट्रीय खेल विकास निधि का निष्पादन तथा खिलाड़ियों की भर्ती और पदोन्नति (भाग-तीन)' के बारे में 281वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 293वां प्रतिवेदन।

**5. प्रस्ताव**

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:—

''कि यह सभा 19 जुलाई, 2017 को सभा में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के 44वें प्रतिवेदन से सहमत है।''

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अपराह्न 12.02 बजे

**6. नियम 377 के अधीन मामले**

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे:—

(1) श्री निशिकान्त दुबे द्वारा संथाल परगना के मूल वासियों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल किए जाने के बारे में।

(2) श्रीमती रमा देवी द्वारा बिहार के शिवहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सिकरहना, मधुबनी और भेलवा गांव को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(3) श्री अजय मिश्रा टेनी द्वारा उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में बीएसएनएल द्वारा काम पर रखे गए संविदा श्रमिकों को पर्याप्त मजदूरी प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(4) श्रीमती सावित्री ठाकुर द्वारा मध्य प्रदेश के धार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में गणपति घाट के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3 पर मोटर चलने योग्य एक ढलान बनाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(5) श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा प्रस्तावित यमुना नगर–चंडीगढ़ रेल लाईन परियोजना पर कार्य शुरू किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(6) डॉ॰ वीरेन्द्र कुमार द्वारा सभी कृषि उपजों के लिए मूल्य तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की प्रणाली की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(7) श्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा बक्सर से पटना तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 84 को चार लेन में परिवर्तित किए जाने और गंगा नदी पर चार लेन वाला पुल बनाए जाने और मोहनिया तथा आरा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 की मरम्मत कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(8) श्रीमती रंजीत रंजन द्वारा बिहार के सुपौल और मधुबनी जिलों में कोसी नदी पर बने बांध का विस्तार इसके बहाव क्षेत्र के साथ–साथ बसे सभी क्षेत्रों तक किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(9) डॉ॰ शशि थरूर द्वारा केरल स्थित तिरुवनन्तपुरम स्थित विमानपत्तन से बाहर जाने वाले यात्रियों के लिए प्रयोक्ता विकास शुल्क में की गई वृद्धि वापस लिए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(10) श्री के॰सी॰ वेणुगोपाल द्वारा विमानों में इकॉनोमी क्लास के यात्रियों को मांसाहारी भोजन परोसना बन्द किए जाने के निर्णय को वापस लिए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(11) डॉ॰ पी॰ वेणुगोपाल द्वारा तमिलनाडु के चेन्नै स्थित कामराजर पत्तन लिमिटेड का विनिवेश किए जाने के निर्णय की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(12) श्री ए॰ अरुणमणिदेवन द्वारा तमिलनाडु के नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन लिमिटेड, तमिलनाडु के संविदा कर्मचारियों की शिकायतों को दूर किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(13) प्रो॰ रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़ द्वारा देश में कृषकों के कल्याण के लिए कदम उठाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(14) श्री एन॰के॰ प्रेमचन्द्रन द्वारा ईएसआईसी द्वारा दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेने वाले बीमित व्यक्तियों पर कठोर शर्त लगाने वाले आदेश को वापस लिए जाने की आवश्यकता के बारे में।

अपराह्न 12.03 बजे

*(व्यवधान के कारण, लोक सभा शुक्रवार, 21 जुलाई, 2017 के पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)*

**अनूप मिश्र**
महासचिव

GMGIPMRND—1251LS(S3)—20-07-2017.

# लोक सभा

---

समाचार—भाग 1

**(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)**

---

**शुक्रवार, 21 जुलाई, 2017/30 आषाढ़, 1939 (शक)**

---

**संख्या 231**

पूर्वाह्न 11.00 बजे

**1. तारांकित प्रश्न**

तारांकित प्रश्न संख्या 81 और 84-85 के मौखिक उत्तर दिए गए।

प्रश्न सं॰ 82, 83 और 86, जिन सदस्यों के नाम सूचीबद्ध थे, वे अनुपस्थित थे। यद्यपि, संबंधित मंत्री ने उत्तर को सभा पटल पर रखा। सदस्यों द्वारा प्रश्न सं॰ 82, 83 और 86 के अनुपूरक प्रश्न पूछे गए।

तारांकित प्रश्न संख्या 87—100 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

**2. अतारांकित प्रश्न**

अतारांकित प्रश्न संख्या 921—1150 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

मध्याह्न 12.00 बजे

**3. सभा पटल पर रखे गए पत्र**

निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे गए:—

(1) बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 और 1980 की धारा 10 की उपधारा (8) के अंतर्गत निम्नलिखित वार्षिक प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) इलाहाबाद बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(दो) बैंक आफ महाराष्ट्र के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(तीन) सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(चार) देना बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(पांच) इंडियन ओवरसीज बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(छह) पंजाब नेशनल बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(सात) यूनियन बैंक आफ इंडिया के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(आठ) यूको बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(नौ) बैंक आफ बड़ौदा के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(दस) केनरा बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(ग्यारह) कार्पोरेशन बैंक आफ इंडिया के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(बारह) इंडियन बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(तेरह) ओरियंटल बैंक आफ कामर्स के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(चौदह) सिंडिकेट बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(पंद्रह) यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(सोलह) विजया बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(सत्रह) आंध्रा बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(अठारह) बैंक आफ इंडिया के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(उन्नीस) पंजाब और सिंध बैंक के वर्ष 2016-17 के कार्यकरण और क्रियाकलापों के बारे में प्रतिवेदन तथा लेखे और उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन।

(2) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अंतर्गत आईडीबीआई बैंक, मुंबई के वर्ष, 2016-17 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) बैंककारी विधि (संशोधन) अधिनियम, 1985 द्वारा यथासंशोधित भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 40 की उपधारा (4) तथा बैंककारी विधि (संशोधन) अधिनियम, 1985 द्वारा यथासंशोधित भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 43 की उपधारा (3) के अंतर्गत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के

वर्ष 2016-2017 के कार्यकरण और कार्यकलापों के बारे में वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(4) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) 31.3.2017 को समाप्त तिमाही के लिए इंडस्ट्रियल इन्वेंस्टमेंट बैंक ऑफ इंडिया लिमिटेड (इक्विटी शेयरधारकों के लिए आईआईबीआई का स्वैच्छिक समापन), कोलकाता के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) 31.3.2017 को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए इंडस्ट्रियल इन्वेंस्टमेंट बैंक ऑफ इंडिया लिमिटेड के बारे में परिसमापक का प्रतिवेदन (इक्विटी शेयरधारकों के लिए आईआईबीआई का स्वैच्छिक समापन), कोलकाता और लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(5) केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 166 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) सा॰का॰नि॰ 807(अ) जो 30 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय उर्वरकों पर केन्द्रीय कर की दर को छह प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा॰का॰नि॰ 673(अ) जो 28 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 9(1) के अंतर्गत अधिसूचित सीजीएसटी दर अनुसूची को अधिसूचित किया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा॰का॰नि॰ 674(अ) जो 28 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा धारा 11(1) के अंतर्गत अधिसूचित सीजीएसटी से छूट प्राप्त माल अधिसूचित किया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा॰का॰नि॰ 675(अ) जो 28 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा धारा 11(1) के अंतर्गत अधिसूचित खोज और उत्पादन के लिए प्रदाय हेतु 2.5 प्रतिशत के रियायती सीजीएसटी दर को अधिसूचित किया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा॰का॰नि॰ 676(अ) जो 28 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा धारा 9(3) के अंतर्गत माल के कतिपय विनिर्दिष्ट प्रदाय पर प्रत्यावर्ती प्रभार अधिसूचित किया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छह) सा॰का॰नि॰ 677(अ) जो 28 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा उस माल के प्रदाय को अधिसूचित किया गया है जिसके संबंध में धारा 54(3) के अंतर्गत अप्रयुक्त आदान कर क्रेडिट की वापसी की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

3. श्री कामाख्या प्रसाद तासा द्वारा बाढ़ के दौरान जानवरों को आश्रय प्रदान करने के लिए काजीरंगा राष्ट्रीय पार्क तथा पोबीटोरा वन्य जीव अभयारण्य में ऊंचे प्लेटफार्म बनाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

4. प्रो॰ रिचर्ड हे द्वारा देश में एक साइबर सिक्यूरिटी अथॉरिटी स्थापित किए जाने की

6. श्री निशिकान्त दुबे द्वारा झारखंड में विभिन्न पुरानी और चालू परियोजनाओं हेतु निधियां प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

7. श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा भूजल पुनर्भरण के लिए आवासीय कॉलोनियों व बहुमंजिली इमारतों के परिसरों में तालाब का प्रावधान सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

8. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा द्वारा कृषि उत्पादों के लिए समयबद्ध प्रक्रिया के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

9. श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा बिहार के औरंगाबाद जिले में कौशल विकास और प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

10. डॉ॰ किरीट सोमैया द्वारा 'ब्ल्यू व्हेल' नामक साइबर गेम पर प्रतिबंध लगाए जाने के बारे में।

11. श्री कीर्ति आजाद द्वारा बिहार के दरभंगा मेडिकल कॉलेज में एक टेरशियरी कैंसर सेंटर स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

12. श्रीमती जयश्रीबेन पटेल द्वारा गुजरात के सरकारी उपक्रमों में विभिन्न पदों को स्थानीय लोगों की भर्ती के लिए आरक्षित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

13. श्री भैरों प्रसाद मिश्रा द्वारा उत्तर प्रदेश के बांदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अस्पतालों में कैंसर का इलाज करने के लिए पृथक इकाई स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

14. डॉ॰ थोकचोम मेन्या द्वारा भारत सरकार और नागालैण्ड के एनएससीएन (आईएन) के बीच हुए समझौते के ब्यौरे के बारे में।

15. श्री के॰ परसुरमन द्वारा तमिलनाडु के तंजावुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मुद्रा योजना के क्रियान्वयन के बारे में।

16. डॉ॰ के॰ गोपाल द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्रीमियम के भुगतान

18. श्री बलभद्र माझी द्वारा ओडिशा के मलकानगिरी में भारतीय जीवन बीमा निगम की एक शाखा स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

19. श्री विनायक भाऊराव राऊत द्वारा मुंबई विमानपत्तन प्राधिकरण की भूमि पर बसी झोपड़पट्टी के पुनर्वास के लिए समुचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

20. श्री एम॰बी॰ राजेश द्वारा केरल के पालक्काड में एक नया रेल कोच कारखाना स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

21. श्रीमती कोथापल्ली गीता द्वारा 'दिशा' समिति के कार्यकरण की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

22. श्रीमती सुप्रिया सुले द्वारा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

23. श्री तेज प्रताप सिंह यादव द्वारा उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में एक नया सैनिक स्कूल खोले जाने संबंधी उत्तर प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

अपराह्न 12.10 बजे

**11. सांविधिक संकल्प**

श्री अरुण जेटली ने निम्नलिखित संकल्प पेश किया:—

''सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 7 की उप-धारा (3) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 8क(1) के अनुसरण में, सभा 30 जून, 2017 की अधिसूचना संख्या 56/2017-सीमाशुल्क [सा॰का॰नि॰ 797(अ) दिनांक 30 जून, 2017] जिसका आशय निम्नलिखित वस्तुओं पर आधारित सीमाशुल्क शून्य से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करना है, का अनुमोदन करती है—

| क्रम सं॰ | टैरिफ मद | विवरण |
|---|---|---|

| क्रम सं॰ | टैरिफ मद | विवरण |
|---|---|---|
| 2. | 8443 99 51 | प्रिंट हेड असेम्बली सहित इंक काट्रिज |
| 3. | 8443 99 52 | प्रिंट हेड असेम्बली रहित इंक काट्रिज |
| 4. | 8443 99 53 | इंक स्प्रे नोजल |
| 5. | 8517 12 10 | सेल्यूलर नेटवर्क अथवा अन्य वायरलेस नेटवर्क के लिए टेलीफोन (पुश बटन टाइप को छोड़कर) |
| 6. | 8517 12 90 | सेल्यूलर नेटवर्क अथवा अन्य वायरलेस नेटवर्क के लिए टेलीफोन (पुश बटन टाइप को छोड़कर) |
| 7. | 8517 61 00 | बेस स्टेशन |
| 8. | 8517 70 90 | सघन, भारित अथवा भरे हुए प्रिंटेड सर्किट बोर्ड के अलावा टैरिफ शीर्ष 8517 के अधीन वस्तुओं के पुर्जे।'' |

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

*अपराह्न 12.20 बजे

*(व्यवधान के कारण, लोक सभा बुधवार, 9 अगस्त, 2017 के पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)*

**अनूप मिश्र**
महासचिव

# लोक सभा

---

समाचार—भाग 1

**(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)**

---

**बुधवार, 9 अगस्त, 2017/18 श्रावण, 1939 (शक)**

---

**संख्या 243**

पूर्वाह्न 11.00 बजे

**1. अध्यक्ष द्वारा घोषणा**

अध्यक्ष ने सेशेल्स की नेशनल असेम्बली के स्पीकर माननीय पैट्रिक पिल्लै और सेशेल्स गणराज्य के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों, जो सम्मानित अतिथियों के रूप में भारत की यात्रा पर हैं, का स्वागत करते हुए घोषणा की।

पूर्वाह्न 11.02 बजे

**2. अध्यक्ष द्वारा उल्लेख**

अध्यक्ष ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में 9 अगस्त, 1942 को प्रारंभ किए गए 'भारत छोड़ो' आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ का उल्लेख किया और राष्ट्रपिता एवं स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

तत्पश्चात्, सदस्यगण शहीदों के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

पूर्वाह्न 11.04 बजे

**3. अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी**

के लिए निर्धारित है परंतु सदस्यों की भावनाओं से जुड़े इस विशेष अवसर को ध्यान में रखते हुए हम एक चर्चा प्रारंभ करते हैं जिसमें प्रत्येक सदस्य इस दिन को विशेष अवसर के रूप में यादगार बनाने के लिए अपने विचारों को अभिव्यक्त कर सकेंगे।''

पूर्वाह्न 11.05 बजे

**4. अध्यक्ष द्वारा संबोधन**

अध्यक्ष ने नियम 360 के अंतर्गत सभा को संबोधित किया।@

पूर्वाह्न 11.21 बजे

**5. भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए विशेष चर्चा**

लिया गया समय: 2 घंटे 03 मिनट

श्री नरेन्द्र मोदी ने चर्चा आरंभ की।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया:—

1. श्रीमती सोनिया गांधी
2. डॉ॰ एम॰ तंबिदुरै
3. प्रो॰ (डॉ॰) सुगत बोस
4. श्री आनंदराव अडसुल
5. श्री थोटा नरसिम्हम
6. श्री ए॰पी॰ जितेन्द्र रेड्डी

*7. श्रीमती रमा देवी

*8. श्री प्रेम दास राई

*9. श्री कौशलेन्द्र कुमार

*10. श्री विजय कुमार हांसदाक

*11. श्री अजय मिश्रा टेनी

*12. श्री एन॰के॰ प्रेमचन्द्रन

*14. श्री जोस के॰ मणि

15. श्री पी॰ करुणाकरन

16. श्री तथागत सत्पथी

*17. कुंवर हरिवंश सिंह

18. श्री एच॰डी॰ देवगौडा

*19. श्री जय प्रकाश नारायण यादव

*20. श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा

*21. डॉ॰ अरूण कुमार

*22. श्री पी॰आर॰ सुंदरम

*23. श्री ई॰टी॰ मोहम्मद बशीर

24. श्री बलभद्र माझी

*25. श्री मेकापति राजामोहन रेड्डी

*26. प्रो॰ (डॉ॰) ममताज संघमिता

*27. श्री मल्लिकार्जुन खड़गे

*28. श्री कपिल मोरेश्वर पाटील

*29. श्री अश्विनी कुमार चौबे

अपराह्न 1.22 बजे

**[$]6. संकल्प — स्वीकृत हुआ**

अध्यक्ष ने भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभा के समक्ष एक संकल्प रखा जिसे सभा द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

अपराह्न 1.24 बजे

**7. निधन संबंधी उल्लेख**

अध्यक्ष ने लोक सभा के वर्तमान सदस्य श्री सांवर लाल जाट के निधन के बारे में उल्लेख किया।

**8. प्रश्न**

चूंकि, सभा विशेष चर्चा और निधन संबंधी उल्लेख के पश्चात् स्थगित हो गई, तारांकित प्रश्नों को मौखिक उत्तर के लिए नहीं लिया जा सका। इसलिए, आज की कार्य-सूची में सम्मिलित तारांकित प्रश्न संख्या 321-340 को अतारांकित माना गया और उनके उत्तर अतारांकित प्रश्न संख्या 3681-3910 के उत्तरों के साथ आज के कार्यवाही वृत्तांत में मुद्रित किए जायेंगे।

अपराह्न 1.26 बजे

*( लोक सभा गुरुवार,* 10 *अगस्त,* 2017 *के पूर्वाह्न* 11 *बजे तक के लिए स्थगित हुई।)*

**अनूप मिश्र**
महासचिव

# लोक सभा

---

समाचार—भाग 1

**(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)**

---

**गुरुवार, 10 अगस्त, 2017/19 श्रावण, 1939 (शक)**

---

**संख्या 244**

पूर्वाह्न 11.00 बजे

**1. तारांकित प्रश्न**

तारांकित प्रश्न संख्या 341—344 के मौखिक उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 345—360 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

**2. अतारांकित प्रश्न**

अतारांकित प्रश्न संख्या 3911—4140 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

अपराह्न 12.01 बजे

**3. सभा पटल पर रखे गए पत्र**

निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे गए:—

(1) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) एनबीसीसी इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(तीन) एनबीसीसी सर्विसेज लिमिटेड और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(चार) हिन्दुस्तान प्रीफैब लिमिटेड और आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(पांच) आवास और शहरी विकास निगम लिमिटेड और आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(2) शिक्षु अधिनियम, 1961 की धारा 37 की उप-धारा (3) के अंतर्गत शिक्षुता (चौथा संशोधन) नियम, 2017 जो 19 जुलाई, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 936(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) नेहरू युवा केन्द्र संगठन, दिल्ली के वर्ष 2014-15 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेहरू युवा केन्द्र संगठन, दिल्ली के वर्ष 2014-15 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंतर्गत, मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड और पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय द्वारा स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों को ऋणों पर भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक—संघ सरकार (वाणिज्यिक) (2017 का संख्यांक 34)—अनुपालन लेखापरीक्षा के प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) (एक) टाटा इंस्टीट्यूट आफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के वर्ष 2015-2016 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) टाटा इंस्टीट्यूट आफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के वर्ष 2015-2016 के

(8) नार्थ ईस्टर्न हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड और उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(9) (एक) सेंटर फार डेवलपमेंट आफ टेलीमैटिक्स, नई दिल्ली के वर्ष 2015-2016 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सेंटर फार डेवलपमेंट आफ टेलीमैटिक्स, नई दिल्ली के वर्ष 2015-2016 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(10) उपर्युक्त (9) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(11) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 37 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (अंशदायी भविष्य निधि) (संशोधन) नियम, 2017 जो 27 जुलाई, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 963(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति) (11वां संशोधन) विनियम, 2016 जो 9 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 5-1/2014-एएंडपी में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति) (12वां संशोधन) विनियम, 2017 जो 27 जुलाई, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 5-1/2014-एएंडपी में प्रकाशित हुए थे।

(12) उपर्युक्त (11) की मद सं॰ (दो) और (तीन) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(14) महात्मा गांधी प्रवासी सुरक्षा योजना के 1 अप्रैल, 2017 से बंद किए जाने से संबंधित अधिसूचना संख्या एफ॰ सं॰ क्यू॰/11017/08/2016-ओआईए-I जो 20 अप्रैल, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(15) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और पोत परिवहन मंत्रालय के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(दो) शिपिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और पोत परिवहन मंत्रालय के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(तीन) ड्रेजिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और पोत परिवहन मंत्रालय के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(16) (एक) इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई के वर्ष 2015-2016 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई के वर्ष 2015-2016 के वार्षिक लेखाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई के वर्ष 2015-2016 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(17) उपर्युक्त (16) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(18) वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 की धारा 458 की उप-धारा (3) के अंतर्गत वाणिज्य पोत परिवहन (सतत निर्वहन प्रमाण-पत्र) नियम, 2017 जो 17 जुलाई, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 883(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(19) राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण (भूमि और यातायात) अधिनियम, 2002 की धारा 50 की

हुआ था, तथा जिसके द्वारा 16 फरवरी, 2016 की अधिसूचना सं॰ का॰आ॰ 491(अ) और का॰आ॰ 492(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(दो) का॰आ॰ 974(अ) जो 28 मार्च, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण (भूमि और यातायात) अधिनियम, 2002 की धारा 24, 25, 26, 27 और 43 के अंतर्गत इसे अधिसूचना में विनिर्दिष्ट राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में उसमें उल्लिखित सीमाओं और अधिकारिता के भीतर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (राष्ट्रीय राजमार्ग) की नियुक्ति किए जाने के बारे में है।

(तीन) का॰आ॰ 1054(अ) जो 5 अप्रैल, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण (भूमि और यातायात) अधिनियम, 2002 की धारा 24, 25, 26, 27 और 43 के अंतर्गत इसे अधिसूचना में विनिर्दिष्ट राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में, उसमें उल्लिखित सीमाओं और अधिकारिता के भीतर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, अरुणाचल प्रदेश राज्य सरकार और मुख्य संपदा अधिकारी, जिला प्रशासन विभाग, ईटानगर के लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (राष्ट्रीय राजमार्ग) की नियुक्ति किए जाने के बारे में है।

(चार) का॰आ॰ 1379(अ) जो 2 मई, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था, तथा जो राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण (भूमि और यातायात) अधिनियम, 2002 की धारा 24, 25, 26, 27 और 43 के अंतर्गत इसे अधिसूचना में विनिर्दिष्ट राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में, उसमें उल्लिखित सीमाओं और अधिकारिता के भीतर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के अधिकारियों की नियुक्ति किए जाने के बारे में है।

(पांच) का॰आ॰ 1422(अ) जो 5 मई, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण (भूमि और यातायात) अधिनियम, 2002 की धारा 24, 25, 26, 27 और 43 के अंतर्गत इसे अधिसूचना में विनिर्दिष्ट

(छह) का॰आ॰ 1992(अ) जो 23 जून, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण (भूमि और यातायात) अधिनियम, 2002 की धारा 24, 25, 26, 27 और 43 के अंतर्गत इसे अधिसूचना में विनिर्दिष्ट राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में, उसमें उल्लिखित सीमाओं और अधिकारिता के भीतर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए सीमा सड़क संगठन के कमांडर की नियुक्ति किए जाने के बारे में है।

(20) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और नागर विमानन मंत्रालय के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(दो) चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच वर्ष 2017-2018 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(21) यान-हरण अधिनियम, 2016 की धारा 20 की उप-धारा (2) के अंतर्गत यान-हरण नियम, 2017 जो 5 जुलाई, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ सा॰का॰नि॰ 828(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(22) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) एयर इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2015-2016 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एयर इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2015-2016 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(23) उपर्युक्त (22) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(24) राज्य वित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2003 की धारा 3 के अन्तर्गत मध्यावधि व्यय ढ़ांचा विवरण 2017-18 (अगस्त, 2017) की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2015-2016 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(26) उपर्युक्त (25) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(27) (एक) मीडिया लैब एशिया, नई दिल्ली के वर्ष 2015-2016 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) मीडिया लैब एशिया, नई दिल्ली के वर्ष 2015-2016 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(28) उपर्युक्त (27) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(29) भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 के खंड 10(1)(त) के अंतर्गत जारी और भारतीय मानक ब्यूरो नियम, 1987 के नियम 13 के अनुसरण में अधिसूचना सं॰ का॰आ॰ 3509(अ) जो 23 नवंबर, 2016 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और जिनमें इलेक्ट्रानिकी अनुसूची और सूचना प्रौद्योगिकी माल (अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण की अपेक्षा) आदेश, 2012 के आईएस 16333 (भाग-3) के अनुसार मोबाइल फोनों के लिए भारतीय भाषा सपोर्ट को अधिदेशित करने वाला आदेश दिया हुआ है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(30) आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकी, प्रसुविधा और सेवाओं का लक्षित परिदान) अधिनियम, 2016 की धारा 55 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)—

(एक) आधार (पंजीकरण और अद्यतन) (पहला संशोधन) विनियम, 2017 (2017 का 1) जो 15 फरवरी, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ 13012/79/2017/लीगल-यूआईडीएआई (2017 का संख्यांक 1) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) आधार (पंजीकरण और अद्यतन) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2017 (2017

(तीन) आधार (पंजीकरण और अद्यतन) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2017 (2017 का 3) जो 11 जुलाई, 2017 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ 13012/79/2017/लीगल-यूआईडीएआई (2017 का संख्यांक 3) में प्रकाशित हुए थे।

(31) आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकी, प्रसुविधा और सेवाओं का लक्षित परिदान) अधिनियम, 2016 की धारा 58 के अंतर्गत आधार (कठिनाई निवारण) आदेश, 2016 जो 12 सितंबर, 2016 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं॰ का॰आ॰ 2923(अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

**4. कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन**

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया ने कार्य मंत्रणा समिति का 46वां प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

**5. गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का प्रतिवेदन**

डॉ॰ एम॰ तंबिदुरै ने गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का 36वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

**6. सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति का कार्यवाही सारांश**

श्री पी॰ करूणाकरन ने सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति की क्रमशः 10.4.2017 और 1.8.2017 को हुई आठवीं और नौंवी बैठकों का कार्यवाही सारांश (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

**7. सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के प्रतिवेदन**

डॉ॰ रमेश पोखरियाल ''निशंक'' ने सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:—

(1) आश्वासनों को छोड़ दिए जाने के अनुरोधों के बारे में 63वां प्रतिवेदन (माने गए)।

(2) आश्वासनों को छोड़ दिए जाने के अनुरोधों के बारे में 64वां प्रतिवेदन (न माने गए)।

(3) आश्वासनों को छोड़ दिए जाने के अनुरोधों के बारे में 65वां प्रतिवेदन (माने गए)।

(4) आश्वासनों को छोड़ दिए जाने के अनुरोधों के बारे में 66वां प्रतिवेदन (न माने गए)।

**9. रेल अभिसमय समिति**

श्री भर्तृहरि महताब ने रेल अभिसमय समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया:—

(1) 'मानव रहित लेवल क्रासिंग पर सुरक्षा के प्रावधान' के बारे में 15वां प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा)।

(2) 'रेल पटरी स्तरोन्नयन और आधुनिकीकरण' के बारे में 16वां प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा)।

**10. अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के प्रतिवेदन**

एडवोकेट नरेन्द्र सावईकर ने अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया:—

(1) भारतीय रिजर्व बैंक पेंशन विनियम, 1990 के बारे में 20वां प्रतिवेदन।

(2) भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 के अधीन बनाए गए नियमों/विनियमों के बारे में 21वां प्रतिवेदन।

(3) कानूनी आदेशों की जांच के आधार पर अधीनस्थ विधान संबंधी समिति का 22वां प्रतिवेदन।

(4) ई-वेस्ट प्रबंध के बारे में 15वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर समिति का 23वां की-गई-कार्यवाही प्रतिवेदन।

**11. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति का प्रतिवेदन**

डॉ॰ किरिट पी॰ सोलंकी ने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया:—

(1) 'सेवाओं में अ॰जा॰/अ॰ज॰जा॰ का प्रतिनिधित्व और उनकी शिकायतों का निवारण और वित्त मंत्रालय (वित्तीय सेवा विभाग) के अंतर्गत आईडीबीआई बैंक द्वारा अ॰जा॰/अ॰ज॰जा॰ को दी जा रही ऋण सुविधाएं' विषय पर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति का 12वां प्रतिवेदन।

(3) 'आरक्षण नीति का कार्यान्वयन और गृह मंत्रालय के अधीन विभिन्न संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/संगठनों में अ॰जा॰/अ॰ज॰जा॰ के हित की रक्षा के लिए आरक्षण नीति का कार्यान्वयन और संपर्क अधिकारियों का कार्यकरण' के बारे में 9वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही' पर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति का 14वां प्रतिवेदन।

**12. कृषि संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्री सत्यपाल सिंह ने कृषि संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया:—

(1) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग) से संबंधित 'देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भौगोलिक स्थितियों और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर आधारित बृहत् कृषि अनुसंधान' विषय पर 39वां प्रतिवेदन।

(2) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग) से संबंधित 'ग्रामीण गोदाम स्कीम के माध्यम से ग्रामीण भंडारण अवसंरचना बढ़ाना' विषय पर कृषि संबंधी स्थायी समिति के 28वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही संबंधी 40वां प्रतिवेदन।

(3) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (पशुपालन, डेरी और मात्सियकी विभाग) से संबंधित 'चारा उपमिशन और चारा विकास के माध्यम से चारा की मांग और उपलब्धता के बीच की खाई को पाटने हेतु उठाए गए कदम विषय पर स्थायी समिति के 34वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही संबंधी 41वां प्रतिवेदन।

(4) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग) की अनुदानों की मांगों (2017-2018) के बारे में कृषि संबंधी स्थायी समिति के 35वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही संबंधी 42वां प्रतिवेदन।

(1) 'वर्तमान प्रणाली की बजाय गैर-व्यपगत पूंजी निधि खाता का सृजन' के संबंध में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 32वां प्रतिवेदन।

(2) 'भूतपूर्व सैनिकों का पुनर्व्यवस्थापन' के संबंध में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 33वां प्रतिवेदन।

(3) 'सशस्त्र बलों के लिए दंत चिकित्सा सेवा सहित चिकित्सा सेवा का उपबंध' के संबंध में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 34वां प्रतिवेदन।

**14. ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन**

डॉ॰ वीरेन्द्र कुमार ने ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति (2016-17) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया:—

(1) विद्युत मंत्रालय की वर्ष 2017-18 की अनुदानों की मांगों से संबंधित 26वां प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर की-गई-कार्यवाही संबंधी 29वां प्रतिवेदन।

(2) विद्युत मंत्रालय से संबंधित राष्ट्रीय विद्युत नीति-एक समीक्षा के बारे में 30वां प्रतिवेदन।

**15. खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन**

श्री जे॰ सी॰ दिवाकर रेड्डी ने 'लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) का कंप्यूटरीकरण' विषय पर उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति (2016-17) के 12वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतविष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के बारे में खाद्य, समिति का 17वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

**16. श्रम संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन**

श्री राजेश कुमार दिवाकर ने ''उपकर निधियां और कामगारों के कल्याण के लिए उनका उपयोग'' विषय पर श्रम संबंधी स्थायी समिति का 28वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

**18. शहरी विकास संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने शहरी विकास संबंधी स्थायी समिति (2016-17) का निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया:—

(1) 'मुद्रा निदेशालय, भारत सरकार स्टेशनरी कार्यालय और प्रकाशन विभाग का आधुनिकीकरण' के बारे में 12वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 18वां प्रतिवेदन।

(2) शहरी विकास मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों (2017-2018) के बारे में 15वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 19वां प्रतिवेदन।

(3) आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों (2017-2018) के बारे में 16वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 20वां प्रतिवेदन।

**19. जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्री हुकुम सिंह ने जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति (2016-2017) का निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया:—

(1) अनुदानों की मांगों (2017-2018) के बारे में 16वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 17वां प्रतिवेदन।

(2) 'जल संरक्षण के स्वदेशी और आधुनिक स्वरूप-तकनीक और पद्धति' के बारे में समिति के 13वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 18वां प्रतिवेदन।

(3) 'अंतर्राज्यीय जल नदी विवाद (संशोधन) विधेयक, 2017' के बारे में 19वां प्रतिवेदन।

**20. जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति के विवरण**

श्री हुकुम सिंह ने जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखे:

5वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों से संबंधित 11वें प्रतिवेदन (एटीआर) में टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-अग्रेतर कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

(2) जल संसाधन, नदी विकास और गंगा सरंक्षण मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2016-2017) के बारे में 9वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों से संबंधित 12वें प्रतिवेदन (एटीआर) टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-अग्रेतर कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

**21. रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति के की-गई-कार्यवाही प्रतिवेदन**

श्रीमती अंजू बाला ने रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित की-गई-कार्यवाही प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया:—

(1) 'रसायन और उर्वरक मंत्रालय' (उर्वरक विभाग) की 'अनुदानों की मांगों 2017-2018' के संबंध में 31वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी 36वां प्रतिवदेन।

(2) 'रसायन और उर्वरक मंत्रालय' (भेषज विभाग) की 'अनुदानों की मांगों 2017-2018' के संबंध में 32वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी 37वां प्रतिवदेन।

(3) 'रसायन और उर्वरक मंत्रालय' (रसायन और पेट्रो रसायन विभाग) की 'अनुदानों की मांगों 2017-2018' के संबंध में 33वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी 38वां प्रतिवेदन।

(4) 'रसायन और उर्वरक मंत्रालय' (उर्वरक विभाग) से संबंधित 'सिटी कंपोस्ट के संवर्धन संबंधी नीति का कार्यान्वयन' विषय पर समिति के 34वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी 39वां प्रतिवेदन।

**22. रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति का की-गई-कार्यवाही विवरण**

सिफारिशों पर सरकार द्वारा अंतिम की-गई-कार्यवाही उत्तरों के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

**23. कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्री राकेश सिंह ने कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया:—

(1) खान मंत्रालय से संबंधित ''खनन क्षेत्र में कौशल विकास'' विषय पर कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति का 32वां प्रतिवेदन।

(2) इस्पात मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में समिति के 29वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के बारे में कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति का 33वां प्रतिवेदन।

(3) खान मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में समिति के 28वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के बारे में कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति का 34वां प्रतिवेदन।

**24. सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्री रमेश बैस ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2016-17) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया:—

(1) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग) की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में 36वां प्रतिवेदन पर 44वां की-गई-कार्यवाही प्रतिवेदन।

(2) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (नि:शक्त व्यक्ति अधिकारिता विभाग) की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में 37वां प्रतिवेदन पर 45वां की-गई-

(4) अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय की मांगों (2017-18) के बारे में 39वां प्रतिवेदन पर 47वां की-गई-कार्यवाही प्रतिवेदन।

**25. सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति के विवरण**

श्री रमेश बैस ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2016-17) के निम्नलिखित विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा:—

(1) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों 2016-17' के बारे में समिति के 30वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी समिति (2016-17) के 32वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-अंतिम कार्यवाही दर्शाने वाला विवरण।

(2) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय (नि:शक्त व्यक्ति अधिकारिता विभाग) की 'अनुदानों की मांगों 2016-17' के बारे में समिति के 28वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी समिति (2016-17) के 34वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-अंतिम कार्यवाही दर्शाने वाला विवरण।

(3) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग) से संबंधित 'शराब और नशीला पदार्थ व्यसन से दुष्प्रभावित व्यक्ति, उनका उपचार/पुनर्वास और स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका' के बारे में समिति के 25वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी समिति (2016-17) के 40वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-अंतिम कार्यवाही दर्शाने वाला विवरण।

(4) जनजातीय कार्य मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों'—2016-17 के बारे में समिति के 29वें प्रतिवेदन में अतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी समिति (2016-17) के 41वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार

कार्यकरण की समीक्षा' के बारे में समिति के 31वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी समिति (2016-17) के 42वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट स्फिारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-अंतिम कार्यवाही दर्शाने वाला विवरण।

**26. उद्योग संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन**

श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी ने विभाग से संबंद्ध उद्योग संबंधी समिति की भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय (लोक उद्यम विभाग) की अनुदानों की मांगों के (2017-18) के बारे में समिति के 282वें प्रतिवेदन के सबंध में की-गई-कार्यवाही संबंधी 283वां प्रतिवेदन सभा पटल पर रखा।

**27. परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन**

श्री हरीश चन्द्र मीना ने परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा:—

(1) नागर विमानन मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में इसके 244वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी 251वां प्रतिवेदन।

(2) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में इसके 246वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी 252वां प्रतिवेदन।

(3) पोत परिवहन मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में इसके 247वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी 253वां प्रतिवेदन।

**28. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन**

**29. कार्मिक, लेखा शिकायत, विधि और न्याय संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन**

डॉ॰ सत्यपाल सिंह ने ''केन्द्रीय सरकार के अधीन सिविल सेवकों का मूल्यांकन और पैनल बनाना'' विषय पर कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी स्थायी समिति का 92वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

**30. मंत्रियों द्वारा वक्तव्य**

(1) रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री ने (एक) अखिल भारतीय रेलवे खान-पान लाइसेंसीज वेलफेयर एसोसिएशन (एबीआरकेपीएलडब्ल्यूए) से अभ्यावेदनों के बारे में श्री शंकर प्रसाद दत्ता, संसद सदस्य द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1630 के 26 जुलाई, 2017 को दिए गए उत्तर में शुद्धि करने और (दो) उत्तर में शुद्धि करने में हुए विलंब के कारण बताने वाला वक्तव्य (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

(2) विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री ने 'विदेशों में रहने वाले भारतीय कामगारों की सूची' के बारे में श्री वाई॰ वी॰ सुब्बा रेड्डी, संसद सदस्य द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 475 के 19 जुलाई, 2017 को दिए गए उत्तर (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) में शुद्धि करने वाला वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(3) श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने श्रम और रोजगार मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2016-2017) के बारे में श्रम संबंधी स्थायी समिति के 17वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

(4) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री और विज्ञान विभाग में राज्य मंत्री की ओर से उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2016-2017) के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के 196वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के संबंध में समिति के 200वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा

मंत्रालय से संबंधित 'ग्रामीण गोदामों की योजना के माध्यम से ग्रामीण भंडारण अवसंरचना का आवर्धन' के बारे में कृषि संबंधी स्थायी समिति के 28वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

(6) गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री ने गृह मंत्रालय से संबंधित 'जम्मू कश्मीर में बाढ़ और भूस्खलन के बाद बचाव, पुनर्वास और पुनर्निर्माण' के बारे में समिति के 182वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के संबंध में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के 190वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

(7) वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री ने वस्त्र मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-2018) के बारे में श्रम संबंधी स्थायी समिति के 24वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

अपराह्न 12.16 बजे

**31. अध्यक्ष द्वारा बधाई**

अध्यक्ष ने 6 अगस्त, 2017 को इंग्लैण्ड के केंट में ब्रांड्स हैच ग्रैंड प्रिक्स सर्किट में रेस 2 जीतने और बीआरडीसी ब्रिटिश फार्मूला एफ 3 चैंपियनशिप में पोल पोजीशन हासिल करने के लिए कृष्णराज महाडिक को सभा की ओर से बधाई दी।

*अपराह्न 12.19 बजे

**32. ध्यानाकर्षण**

अध्यक्ष ने निम्नलिखित टिप्पणी** की:—

''माननीय सदस्यगण, श्री नीनोंग इरिंग के नाम से एक ध्यानाकर्षण सूचीबद्ध है और श्री इरिंग ने मुझसे अनुरोध किया है कि गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करने के लिए श्री गौरव गोगोई को अनुमति दी जाए। विशेष मामले के रूप में मैंने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

तद्नुसार, श्री गौरव गोगोई ने देश के विभिन्न भागों में बाढ़ के कारण उत्पन्न समस्याओं और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में गृह मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

गृह मंत्री की ओर से गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री ने इस संबंध में वक्तव्य दिया। उन्होंने सदस्यों द्वारा पूछे गए स्पष्टीकारक संबंधी प्रश्नों के भी उत्तर दिए।

**%33. सरकारी विधेयक—पुर:स्थापित**

*राष्ट्रीय खेल-कूद विश्वविद्यालय विधेयक,* 2017

*(व्यवधान के कारण लोक सभा अपराह्न* 1.07 *बजे स्थगित हुई और अपराह्न* 2.17 *बजे पुन: समवेत हुई।)*

अपराह्न 2.17 बजे

**34. नियम 377 के अधीन मामले**

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे:—

(1) श्री विष्णु दयाल राम द्वारा झारखंड के गढ़वा शहर के बाइपास सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता के बारे में।

(2) श्री देवजी एम॰ पटेल द्वारा राजस्थान में जालौर-अहोर सड़क पर समपार संख्या सी-48 पर एक रेल उपरिपुल का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(3) श्री देवेन्द्र सिंह भोले द्वारा उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर और कानपुर देहात जिलों में प्रधान मंत्री उज्जवला योजना का समुचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(4) श्री राम प्रसाद शर्मा द्वारा असम के कद्दार पेपर मिल और नगांव पेपन मिल को दुबारा शुरू किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(5) डॉ॰ भोला सिंह द्वारा बिहार के बेगूसराय-बरौनी औद्यागिक क्षेत्र में एम्स स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(7) श्री रामेश्वर तेली द्वारा विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों और प्रयोग की जाने वाली अन्य वस्तुओं की संख्या कम किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(8) श्री हुकुम सिंह द्वारा राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों विशेष रूप से पानीपत–मुजफ्फरनगर मार्ग पर टोल टैक्स समाप्त किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(9) श्री श्यामा चरण गुप्त द्वारा उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले के रेरा गांव में एक जवाहर नवोदय विद्यालय अथवा केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की आवश्यकता के बारे में।

(10) डॉ॰ बंशीलाल महतो द्वारा कोरबा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में रेल सुविधाओं में सुधार किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(11) डॉ॰ संजय जायसवाल द्वारा बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले में एक कृषि महाविद्यालय खोले जाने की आवश्यकता के बारे में।

(12) श्रीमती अंजू बाला द्वारा उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्रों की सेवाओं को नियमित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(13) एडवोकेट नरेंद्र केशव सावईकर द्वारा एक स्वतंत्र भारतीय फिजियोथिरेपी पदिषद गठित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(14) श्री चिन्तामन नावाशा वांगा द्वारा महाराष्ट्र की दहानू तहसील के लिए एक नई पर्यावरण संरक्षण समिति गठित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(15) श्री ताम्रध्वज साहू द्वारा छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में केन्द्रीय आदिवासी विश्वविद्यालय, अमरकंटक (मध्य प्रदेश) का परिसर खोले जाने के बारे में।

(16) श्री के॰ सी॰ वेणुगोपाल द्वारा केरल के अलप्पुझा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में करुणागपल्ली और कायमकुलम रेलवे स्टेशनों पर रेल संबंधी आधारभूत ढांचे का उन्नयन किए जाने के बारे में।

(17) श्री एम॰ के॰ राघवन द्वारा केरल में कालीकट पोर्ट का पुनरुद्धार किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(18) श्री टी॰जी॰ वेंकटेश बाबू द्वारा तमिलनाडु के कामराजर पोर्ट लिमिटेड के विनिवेश

(20) डॉ॰ रत्ना डे नाग द्वारा देश में भेषज उद्योग में अनुसंधान कार्यकलापों हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(21) श्री भर्तृहरि महताब द्वारा नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) के विनिवेश के निर्णय की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(22) डॉ॰ श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा थेलासीमाया पर राष्ट्रीय नीति बनाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(23) श्री किन्जारापु राम मोहन नायडू द्वारा देश में सामुद्रिक अनुसंधान पर बल दिए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(24) श्री कुँवर हरिवंश सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सांस्कृतिक और खेल संबंधी कार्यकलापों के लिए एक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(25) श्री दुष्यंत चौटाला द्वारा हरियाणा के हिसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एमपीलैड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में।

(26) श्री प्रेम दास राई द्वारा गोरखालैंड आंदोलन/अलग गोरखालैंड राज्य की मांग के स्थायी समाधान के बारे में।

(27) एडवोकेट जोएस जॉर्ज द्वारा मसालों के आयात पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता के बारे में।

अपराह्न 02.19 बजे

**35. सरकारी विधेयक—पुर:स्थापित**

*स्टेट बैंक (निरसन और संशोधन) विधेयक,* 2017

लिया गया समय : 2 घंटे 31 मिनट

श्री अरुण जेटली की ओर से श्री संतोष कुमार गंगवार ने विधेयक पर विचार किए जाने का प्रस्ताव पेश किया:—

2. श्री शिवकुमार चनाबसप्पा उदासी
3. श्री गोपालकृष्णन चिन्नाराज
4. प्रो॰ सौगत राय
5. श्री तथागत सत्पथी
6. श्री आनन्दराव अडसुल
7. डॉ॰ बूरा नरसैय्या गौड़
8. श्रीमती पी॰के॰ श्रीमथि टीचर
9. श्रीमती बुत्ता रेणुका
10. श्री अधीर रंजन चौधरी
11. श्री अभिषेक सिंह
12. डॉ॰ रविन्द्र बाबू पांडुला
13. श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा
14. डॉ॰ अरुण कुमार
15. श्री भगवंत मान
16. श्री कौशलेन्द्र कुमार
17. श्री दुष्यंत चौटाला
18. श्री ई॰टी॰ मोहम्मद बशीर
19. श्री एन॰के॰ प्रेमचन्द्रन
20. श्री धर्मवीर गांधी
21. श्री जोस॰के॰ मणि
22. श्री सी॰एन॰ जयदेवन
23. श्री (एडवोकेट) जोएस जार्ज
24. श्री गौरव गोगोई

खंड 2 से 8 स्वीकृत हुए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्री संतोष कुमार गंगवार ने प्रस्ताव किया कि विधेयक पारित किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पारित किया गया।

अपराहन 4.50 बजे

**36. सरकारी विधेयक—पुर:स्थापित**

*(एक) मजदूरी संहिता,* 2017

श्री बंडारू दत्तात्रेय ने मजदूरी संहिता, 2017 को पुर:स्थापित किए जाने के लिए सभा की अनुमति चाही।

श्री एन॰के॰ प्रेमचन्द्रन ने विधेयक पुर:स्थापित किए जाने का विरोध किया।

श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने श्री एन॰के॰ प्रेमचन्द्रन द्वारा पूछे गए स्पष्टीकारक प्रश्नों के उत्तर दिए।

तत्पश्चात् प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पुर:स्थापित किया गया।

अपराह्न 5.05 बजे

*(दो) वित्तीय संकल्प और निक्षेप बीमा विधेयक,* 2017

उपाध्यक्ष ने निम्नलिखित घोषणा की:—

> ''माननीय सदस्यगण, वित्तीय संकल्प और निक्षेप बीमा विधेयक, 2017 को पुर:स्थापन हेतु लिए जाने के पूर्व मुझे सभा को यह सूचित करना है कि श्री अरुण जेटली, माननीय वित्त मंत्री ने 10 अगस्त, 2017 के पत्र द्वारा यह सूचित किया है कि राष्ट्रपति ने वित्तीय संकल्प और निक्षेप बीमा विधेयक, 2017 की विषय-वस्तु से अवगत कराए जाने पर संविधान के अनुच्छेद 117(1) और 274 (1) के अंतर्गत विधेयक को लोक सभा में पुर:स्थापित किए

श्री अर्जुन राम मेघवाल ने श्री अरुण जेटली की ओर से वित्तीय संकल्प और निक्षेप बीमा विधेयक, 2017 को पुर:स्थापित किए जाने के लिए सभा की अनुमति चाही।

श्री अधीर रंजन चौधरी ने विधेयक पुर:स्थापित किए जाने का विरोध किया।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री ने सदस्य द्वारा पूछे गए स्पष्टीकारक प्रश्न का उत्तर दिया।

तत्पश्चात् प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक पुर:स्थापित किया गया।

अपराह्न 5.08 बजे

**37. दोनों सभाओं की संयुक्त समिति नियुक्त किए जाने के बारे में प्रस्ताव—स्वीकृत**

लिया गया समय : 21 मिनट

श्री अर्जुन राम मेघवाल ने श्री अरुण जेटली की ओर से निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया—

> ''कि करस्थम् में वित्तीय सेवा प्रदाता के कतिपय प्रवर्गों; वित्तीय सेवाओं के कतिपय प्रवर्गों के उपभोक्ता को निक्षेप बीमा; प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्था को अभिहित करना; और विनिर्दिष्ट सेवा प्रदाताओं को उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए समाधान निगम की स्थापना तथा वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और आघात सहनीयता को सुनिश्चित करने के लिए लोक निधि के लिए समाधान के लिए तथा उनसे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को दोनों सभाओं की 30 सदस्यीय संयुक्त समिति को सौंपा जाए जिसमें इस सभा से 20 सदस्य होंगे, अर्थात्:—
>
> 1. डॉ॰ किरीट सोमैया
> 2. श्री गोपाल शेट्टी
> 3. श्री सुभाष बहेड़िया
> 4. श्री निशिकांत दुबे
> 5. श्री शिवकुमार सी॰ उदासि
> 6. श्री अनिल शिरोले

10. श्री जगदम्बिका पाल
11. श्री जैदेव गल्ला
12. श्री गजानन चंद्रकांत कीर्तिकर
13. श्री चिराग पासवान
14. श्री गौरव गोगोई
15. श्री एस॰पी॰ मुद्दाहनुमेगौड़ा
16. डॉ॰ पी॰ वेणुगोपाल
17. प्रो॰ सौगत राय
18. श्री भर्तृहरि महताब
19. श्री कुंडा विश्वेश्वर रेड्डी
20. श्री पी॰ करुणाकरन

और राज्य सभा से 10 सदस्य;

कि संयुक्त समिति की बैठक के गठन हेतु गणपूर्ति, संयुक्त समिति के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई होगी;

कि समिति अगले सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिवस तक इस सभा को अपना प्रतिवेदन देगी;

कि अन्य मामलों में संसदीय समितियों से संबंधित इस सभा के प्रक्रिया नियम ऐसे परिवर्तनों और उपांतरणों के साथ लागू होंगे जो अध्यक्ष द्वारा किए जाएं; और

कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा उक्त संयुक्त समिति में सहयोजित हो और संयुक्त समिति के लिए राज्य सभा द्वारा नियुक्त किए जाने वाले 10 सदस्यों के नामों की सूचना इस सभा को दे।''

निम्नलिखित सदस्यों ने निवेदन किए:—

1. श्री भर्तृहरि महताब

@श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया ने उत्तर दिया।

तत्पश्चात् प्रस्ताव पर मतदान हुआ और स्वीकृत हुआ।

&अपराह्न 5.34 बजे

**38. सदस्यों द्वारा निवेदन**

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा और श्रीमती किरण अनुपम खेर ने समय पर कार्यवाही करने में चंडीगढ़ पुलिस की लापरवाही के कारण स्टाकिंग पीड़िता के साथ हुए कथित अन्याय के बारे में निवेदन किया।

श्री (एडवोकेट) जोएस जॉर्ज, श्री भगवंत मान, श्री एम॰ बी॰ राजेश, डॉ॰ मनोज राजोरिया, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल सहयोजित हुए।

$श्री अनंत कुमार ने उत्तर दिया।

सायं 6.00 बजे

*(लोक सभा शुक्रवार,* 11 *अगस्त,* 2017 *के पूर्वाह्न* 11.00 *बजे तक के लिए स्थगित हुई।)*

**अनूप मिश्र**
महासचिव

---

**दिनांक 9.8.2017**

**के**

**समाचार—भाग एक सं॰ 243 का**

**शुद्धिपत्र**

पृष्ठ 3, क्रमांक 29* श्री अश्विनी कुमार चौबे ***के पश्चात्***

क्रमांक 30* श्री भर्तृहरि महताब ***जोड़ा जाए।***

# लोक सभा

---

समाचार—भाग 1

**(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)**

---

**शुक्रवार, 11 अगस्त, 2017/20 श्रावण, 1939 (शक)**

---

**संख्या 245**

पूर्वाह्न 11.00 बजे

**1. तारांकित प्रश्न**

तारांकित प्रश्न संख्या 361—364 के मौखिक उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 365—380 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

**2. अतारांकित प्रश्न**

अतारांकित प्रश्न संख्या 4141—4199, 4201—4370 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए। अतारांकित प्रश्न संख्या 4200 का सदस्य द्वारा वापस लिए जाने के कारण लोप किया गया।

अपराह्न 12.02 बजे

**3. सभा पटल पर रखे गए पत्र**

निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे गए:—

(3) (एक) सेन्ट्रल एडाप्टशन रिसोर्स अथारिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2015-2016 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सेन्ट्रल एडाप्टशन रिसोर्स अथारिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2015-2016 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) (एक) आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, नई दिल्ली के वर्ष 2015-2016 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

